Title : Regarding problem of water logging in NCT of Delhi

श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : महोदया, दिल्ली में जल निकासी व्यवस्था और जल जमाव की बिगड़ती स्थिति और इसके परिणामस्वरूप हमारी राष्ट्रीय राजधानी में जल निकासी व्यवस्था बदहाल है, नालियाँ जाम हैं, सीवेज ओवरफ्लो हो रहा है और जलजमाव एक स्थायी समस्या बनती जा रही है। बारिश के समय जलजमाव की स्थिति और भी विकराल रूप ले लेती है। हाल ही में जलजमाव के कारण ही दिल्ली के व मेरे ही उत्तर पश्चिम लोक सभा संसदीय क्षेत्र में कई लोग जान गवां चुके हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के किराड़ी में जलजमाव के कारण करंट लगने से हादसा हुआ और एक नौजवान की मृत्यु हो गयी।

मैं अनुरोध करता हूं कि कृपया इस मामले को गंभीरता से लें क्योकि दिल्ली सरकार इस मुद्दे के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल रही है। दिल्ली के लोग असुरक्षित और अस्वस्थ परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई करने की अनुकंपा करें।